Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 327 ▫ रायपुर, शनिवार 21 दिसम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## साजिश कहीं और रची और अंजाम किसी और राज्य में दिया तो नहीं है अनुमति की आवश्यकता

**बिलासपुर,** 21 दिसंबर (हाईवे चैनल)। आपराधिक साजिश पर सीबीआई जांच की मांग को लेकर लगाई गई पुनरीक्षण याचिका हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है. मामले में कोर्ट ने कहा कि यदि अपराध की साजिश अन्य राज्य में रचकर छत्तीसगढ़ में उसे अंजाम दिया गया है, तो उस राज्य की अनुमति की आवश्यकता नहीं है, जहां अपराध को अंजाम दिया गया. इस निर्णय के बाद अब सीबीआई को मामले में आगे जांच करेगी. मामला 24.50 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है, जिसमें साजिशकर्ताओं ने कोलकाता और दिल्ली में बैठकर योजना बनाई और छत्तीसगढ़ में इसे क्रियान्वित किया. रायपुर स्थित हुडको के तत्कालीन क्षेत्रीय प्रमुख सुरेंद्र सिंघई पर आरोप है कि उन्होंने उद्योगपति सुनील मल के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची.



**सीबीआई जांच को लेकर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला**

इस्पात एंड पावर लिमिटेड कोलकाता के संचालक सुनील मल ने सिंघई के साथ मिलकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया. इन दोनों ने मिलकर हुडको से 24.50 करोड़ रुपये की गड़बड़ी की. मामले में सीबीआई की विशेष कोर्ट द्वारा आरोपी को रिहा करने से इनकार करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि इस अपराध को केवल छत्तीसगढ़ में अंजाम दिया गया है, इसलिए सीबीआई को दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम के तहत राज्य सरकार से पूर्व स्वीकृति लेने की आवश्यकता नहीं थी. सीबीआई ने अपनी केस डायरी में बताया कि आवेदक ने कोलकाता में ऋण स्वीकृत करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसे परीक्षण और स्वीकृति के लिए दिल्ली भेजा गया था.

## ट्रक और यात्री बस के बीच जोरदार भिड़ंत दर्जन भर यात्री हुए घायल, ड्राइवर फरार



**जांजगीर-चांपा,** 21 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिले के नवागढ़ में आज सुबह ट्रक और यात्री बस के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई. बताया जा रहा है कि बस यात्रियों को लेकर केरा से जांजगीर की ओर जा रही थी. इसी बीच राछाभाटा के पास बस और ट्रक के बीच टक्कर हुई. घटना से यात्रीयों में हड़कंप मच गया है. इस हादसे में बस में सवार दर्जनभर यात्री घायल हो गए हैं. घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है.

जानकारी के अनुसार, शुक्ला ट्रेवल्स की बस आज सुबह यात्रियों को लेकर केरा से जांजगीर जा रही थी. बस में 60 से 70 लोग सवार थे. इस दौरान नवागढ़ के राछाभाटा के पास बस और एक ट्रक की टक्कर हो गई. भिड़ंत के बाद ट्रक दूर जाकर पलट गई, साथ ही ड्राइवर फरार हो गया है. हादसे में दर्जन भर यात्री घायल हो गए.

## ब्रेकिंग न्यूज

### अडानी के खिलाफ केस चलाने वाले अमेरिकी अटॉर्नी ब्रॉन पीस ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली,** 21 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी पर लगे रिश्वत मामले में नया मोड़ आ गया है। हम आपको बता दें कि अडाणी के खिलाफ आरोप लगाने वालों में शामिल अमेरिकी अटॉर्नी ब्रॉन पीस डोनाल्ड ट्रंप के पद संभालने से पहले इस्तीफा देने वाले हैं। ब्रॉन पीस के इस्तीफे की खबर सामने आते ही शुक्रवार को अडाणी समूह के शेयरों में तेजी भी देखी गयी थी।

डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति पद संभालने से पहले जिस तरह ब्रॉन पीस ने मैदान छोड़ा है उससे संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले समय में अमेरिकी न्यायालय में अडाणी के खिलाफ शुरू हुआ मामला कमजोर पड़ सकता है। हम आपको बता दें कि यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि ब्रॉन पीस 10 जनवरी 2025 को न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के लिए यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी के पद से इस्तीफा दे देंगे।

### सड़क हादसा : कर्नाटक में 6 और आंध्रप्रदेश में 4 लोगों की मौत

**नई दिल्ली,** 21 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। कर्नाटक के नेलमंगला में शनिवार को एक कंटेनर ट्रक के कार के ऊपर पलट जाने से छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि घटना बेंगलुरु के बाहरी इलाके तालेकेरे के पास तब हुई जब एक कंटेनर ट्रक कार पर पलट गया, जिसमें छह लोग बैठे थे। दुर्घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया।

इधरआंध्र प्रदेश में अनंतपुर जिले के मदकासिरा मंडल के बुल्ला समुद्रम गांव में शनिवार तड़के एक मिनी बस और लॉरी के बीच टक्कर हो गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना आज तब हुई, जब अमरपुरम मंडल के केएस पल्ली गांव के 13 लोग एक मिनी बस में सवार होकर तीर्थयात्रा के लिए गए तिरुमाला से अपने पैतृक गांव वापस लौट रहे थे, तभी उनकी बस अनियंत्रित होकर एक लॉरी से टकरा गई। इसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और मिनी बस चालक सहित नौ लोग घायल हो गए। घायलों को जीजीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पांच लोगों की हालत नाजुक बताई गई है। मृतकों में प्रेम कुमार (30), अतरवा (2), रत्नम्मा (70) और मनोज (32) शामिल हैं। पुलिस को संदेह है कि मिनी बस चालक शायद नींद में था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

## देश चिकित्सकों की कमी का सामना कर रहा मेडिकल सीटें बर्बाद नहीं होनी चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** 21 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि ऐसे समय में जब देश डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहा है, ''कीमती'' मेडिकल सीटें बर्बाद नहीं होनी चाहिए। न्यायालय ने प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि वे रिक्त सीटों को भरने के लिए नये सिरे से काउंसलिंग आयोजित करें।



न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने दाखिल देने वाले प्राधिकारियों को विशेष काउंसलिंग आयोजित करने और 30 दिसंबर तक मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने को कहा। पीठ ने आदेश दिया, ''विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों तथा इस बात पर ध्यान रखते हुए कि देश डॉक्टरों की भारी कमी से जूझ रहा है, बहुमूल्य मेडिकल सीटें व्यर्थ नहीं जानी चाहिए, हम अंतिम अवसर के रूप में अवधि बढ़ाने के लिए इच्छुक हैं।'' शीर्ष अदालत ने यह आदेश उन याचिकाओं पर विचार करते हुए दिया, जिनमें दाखिला देने वाले प्राधिकारियों को पांच दौर की काउंसलिंग के बाद भी खाली बची सीटों के लिए काउंसलिंग का एक विशेष दौर आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

## एलजी ने ईडी को आप संयोजक के खिलाफ मुकदमा चलाने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली,** 21 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैँ। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आबकारी नीति मामले में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। 5 दिसंबर को प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगी थी।



**अरविंद केजरीवाल की बढ़ी मुश्किल**

दिल्ली हाईकोर्ट 30 जनवरी 2025 को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के आदेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील ने सूचित किया कि अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू शुक्रवार को प्रस्तुतियां देने वाले थे, लेकिन वह नहीं पहुंच सके। अदालत ने केजरीवाल के वकील के अनुरोध पर मामले को शुरू में 19 फरवरी 2025 के लिए सूचीबद्ध किया था। इसके बाद 30 जनवरी को पोस्ट किया है। केजरीवाल के वकील ने स्थगन के ईडी के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा, यहां एक व्यक्ति है, जिसके चुनाव जनवरी में आ रहे हैं और वह मामले पर बहस करने के लिए दूसरे पक्ष का अंतहीन इंतजार कर रहा है। अदालत ने आप नेता मनीष सिसौदिया की इसी तरह की याचिका पर भी 30 जनवरी 2025 की सुनवाई तय की है।

## खालिस्तान समर्थक पार्टी ही गिराएगी सरकार, 27 जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली,** 21 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। खालिस्तानियों के हमदर्द और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की कुर्सी खतरे में आ गई है। बात-बात पर भारत से तकरार रखने वाले जस्टिन ट्रूडो को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब जगमीत सिंह की न्यू डेमक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने अल्पमत सरकार के खिलाफ जनवरी में अविश्वास प्रस्ताव लाने का ऐलान कर दिया है। जस्टिन ट्रूडो के पूर्व सहयोगी, न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के नेता जगमीत सिंह ने घोषणा की है कि पार्टी पहले से ही मुसीबतों में घिरी कनाडाई प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली अल्पमत सरकार को गिराने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। जगमीत सिंह ने एक खुले पत्र में इसकी घोषणा की है। जगमीत सिंह ने कहा है कि वह अल्पमत वाली लिबरल सरकार को गिराने के लिए 27 जनवरी को शीतकालीन अवकाश के बाद हाउस ऑफ कॉमन्स सदन में औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव पेश करेंगे।



ये कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब जस्टिन ट्रूडो पर पहले से ही पद छोड़ने का दबाव है। कनाडा के अगले संघीय चुनाव 20 अक्टूबर, 2025 से पहले होने हैं। लिबरल प्रधानमंत्री पद संभालने के लिए एक अंतरिम नेता का नाम तय करेंगे। वे नए नेता का चुनाव करने के लिए एक विशेष नेतृत्व सम्मेलन भी स्थापित करेंगे। हालाकि, यदि संघीय चुनाव सम्मेलन से पहले होते हैं, तो पार्टी अपने सदस्यों द्वारा नहीं चुने गए अंतरिम पीएम के तहत चुनाव लड़ने के लिए मजबूर होगी। एक लिबरल नेता का चुनाव एक विशेष सम्मेलन के माध्यम से किया जाता है। इसलिए, अगर ट्रूडो रहना चाहते हैं तो उन्हें हटाने के लिए कोई औपचारिक पार्टी तंत्र नहीं है। हालाँकि, अगर उनके अपने मंत्रिमंडल के सदस्य और बड़ी संख्या में विधायक उन्हें जाने के लिए कहते हैं तो वह इस्तीफा दे सकते हैं। कनाडाई सरकार को यह दिखाना होगा कि उसे हाउस ऑफ कॉमन्स का विश्वास हासिल है। बजट और अन्य खर्चों पर वोट को विश्वास उपाय माना जाता है और यदि कोई सरकार हार जाती है, तो वह गिर जाती है।

## राजधानी में सरप्राइज चेकिंग, शहर के ऑउटर इलाकों से 15 संदिग्धों को लिया हिरासत में

**रायपुर,** 21 दिसंबर (हाईवे चैनल)। राजधानी पुलिस ने आज सुबह-सुबह बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए सरप्राइज चेकिंग किया. सुबह 5 बजे जिले के 3 एडिशनल एसपी, 3 सीएसपी, 4 थाना प्रभारी और 150 पुलिस बल ने एक साथ मुजगहन थाना क्षेत्र के बीएसयूपी कॉलोनी में दबिश दी, जिससे अपराधी काप उठे.



पुलिस ने वहां चाकूबाजी, नशीली दवाई की बिक्री करने वाले कई संदिग्धों और फरार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी. इस दौरान पुलिस ने 15 से संदिग्धों को हिरासत में लिया है.

दरअसल, पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि कॉलोनी बहुत से लोग सूने मकानों के ताले तोड़कर वहां कब्जा कर रह रहे हैं, जो छत्तीसगढ़ के बाहर से हैं और बिना किसी पहचान पत्र के निवास कर रहे हैं. इनमें से कुछ लोग नशीले पदार्थों की बिक्री करते हैं और कुछ चाकूबाजी की घटनाओं में भी संलिप्त हैं. पुलिस ने जानकारी मिलने के बाद आज सुबह कॉलोनी में रह रहे संदिग्धों पर शिकंजा कसा है। दरअसल रायपुर पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि बोरियाकला बीएसयूपी कॉलोनी में कुछ लोग अवैध नशे का कारोबार कर रहे है तो कुछ सूने मकानों में ताला तोड़कर कब्जा कर रहे है वहीं कुछ संदिग्ध लोग भी इसी कॉलोनी में छिपे हुए है जिसके बाद रायपुर पुलिस ने सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया है

## ट्रेन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल



**सूरजपुर,** 21 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिले के बतरा रेलवे फाटक के पास दर्दनाक हादसा हुआ है. रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय बाइक सवार दो युवक मालागाड़ी से टकरा गए. इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई है. वहीं दूसरा युवक घायल हुआ है।

जानाकारी के मुताबिक, करंजी चौकी क्षेत्र के बतरा रेलवे ट्रैक से मालगाड़ी के गुजरने का समय था. रेलवे क्रॉसिंग में फाटक नहीं होने से बाइक सवार ट्रैक पार करने लगे. इसी बीच अचानक वे ट्रेन की चपेट में आ गए. हादसे में एक की मौत हुई तो दूसरा घायल हो गया है. यहां फाटक नहीं होने के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है. दर्दनाक हादसे से लोगों में आक्रोश देखने को मिला है. मृतक के नाराज परिजनों को काफी समझाइश दी गई, जिसके बाद उन्होंने शव को उठाया।

## प्रदेश में कड़ाके की ठंड से मिलेगी राहत तापमान में 1 से 2 डिग्री की होगी वृद्धि

**रायपुर,** 21 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में लोगों को कड़ाके की ठण्डी से आज भी राहत मिलने वाली है. मौसम विभाग के मुताबिक आज न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की वृद्धि होगी. वहीं आसमान में बादल छाए रहने और एक दो स्थानों में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है. प्रदेश में सबसे अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान बलरामपुर में दर्ज किया गया है. राजधानी रायपुर में सुबह से बादल छाए हुए हैं. वहीं सोमवार से मंगलवार तक मौसम साफ हो जाएगा. जिससे तापमान में गिरावट आने से ठंड बढ़ेगी. मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी के पश्चिम मध्य और उससे सटे दक्षिण पश्चिम भाग में दबाव का क्षेत्र का बना हुआ है. शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री रिकार्ड किया गया. यह सामान्य से 5.9 डिग्री अधिक रहा. दिन में भी पारा 30.8 डिग्री रहा. यह भी सामान्य से 2.8 है।



**कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना**

### 17 राज्यों में शीतलहर, बारिश, बर्फबारी और घने कोहरे का अलर्ट

नई दिल्ली, 21 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। देशभर में ठंड ने अपनी पूरी ताकत से दस्तक दे दी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 17 राज्यों में आगामी दिनों के लिए शीतलहर, भारी बारिश, बर्फबारी और घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। इस मौसम में मौसम में तेजी से बदलाव होने के साथ साथ तापमान में गिरावट आ रही है। आने वाले दिनों में उत्तर भारत में कड़ी ठंड और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। जम्मू-कश्मीर में आज से चिल्लई कलां का आगाज हो चुका है, जो एक 40 दिन का कड़ा सर्दी का दौर होता है। इस दौरान जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी होने की संभावना है, जबकि कश्मीर घाटी, श्रीनगर, गुलमर्ग, अनंतनाग, पहलगाम और शोपियां जैसे इलाकों में तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। इस दौरान यहां बर्फबारी का सिलसिला जारी रहेगा, जिससे पर्यटन उद्योग प्रभावित हो सकता है और स्थानीय जीवन में भी कुछ दिक्कतें हो सकती हैं। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में भी 23 दिसंबर से बर्फबारी का अनुमान है। राजधानी शिमला, कुल्लू, मनाली, चंबा, और लाहौल-स्पीति के इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। इससे राज्य में ठंड में और बढ़ोतरी हो सकती है।




चूहा- सुनती हो, दिल्ली एलजी ने अरविंद केजरीवाल पर केस चलाने ईडी को मंजूरी दे दी है।

चुहिया- हां जी, ये तो होना ही था, सामने चुनाव जो है।